हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 30 अप्रैल 2026



06 बहन का सुहाग उजाड़ने वाले भाई को मिली...





09 जिले में 101 हाई स्कूलों में सोनेरा स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा







## नगर के इंवेंट

### स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ

**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना की स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं 29 अप्रैल से प्रारम्भ हो गई हैं। गुना, शिवपुरी एवं अशोकनगर तीनों जिलों में विश्वविद्यालय द्वारा 26 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं तीनों परीक्षा केन्द्रो पर 32000 परीक्षार्थी की परीक्षाएं संपन्न होंगी। तीनों जिलों में 29 अप्रैल को प्रातः एवं दोपहर पाली में सफलता पूर्वक परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। महाविद्यालयों से प्राप्त उपस्थिति अनुसार दिनांक आज की परीक्षा में 99 प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थित हुए। शासन द्वारा जारी निर्देशनुसार नकल मुक्त परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय का उड़नदस्ता विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण भी कर रहा है।

### उपार्जन केंद्रों की बेहतर व्यवस्थाओं से खुश किसान

**गुना।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिले में स्थापित खरीदी केंद्रों पर किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ठंडा पानी, छांव और शरबत जैसी व्यवस्थाओं से किसान संतुष्ट हैं तथा उपार्जन केंद्रों पर मिल रही सेवा भावना की सराहना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा, सम्मान और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बेहतर प्रबंधन के कारण खरीदी केंद्रों पर उपार्जन प्रक्रिया सुगम, व्यवस्थित और पारदर्शी बनी हुई है कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने उपार्जन व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को खरीदी केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि किसानों को समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसी क्रम में अपर कलेक्टर अखिलेश कुमार जैन द्वारा प्रतिदिन उपार्जन एजेंसियों एवं संबंधित अधिकारियों की गूगल मीट के माध्यम से बैठक लेकर खरीदी व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने और खरीदी प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।जिले में उपार्जन केंद्रों पर की गई बेहतर व्यवस्थाएं किसानों के लिए राहतकारी सिद्ध हो रही हैं।

### संप्रेक्षण गृह गुना के शिक्षक का 'इसरो' यात्रा से लौटने पर सम्मान किया

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित "विज्ञान मंथन" कार्यक्रम के अंतर्गत इसरो (बैंगलोर, चेन्नई, श्रीहरिकोटा) के शैक्षणिक भ्रमण के लिए जिले से 5 विद्यार्थियों एवं 1 शिक्षक अवधेश अवस्थी का चयन किया गया था। अवस्थी वर्तमान में संप्रेक्षण गृह गुना में कार्यरत हैं।यात्रा से लौटने के उपरांत उनके सम्मान में संप्रेक्षण गृह गुना में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अधीक्षक श्री दिनेश चंदेल ने श्री अवस्थी को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में विधि सह परिवीक्षा अधिकारी शआशीष रघुवंशी, हाउस मास्टर मानसिंह चौहान, बाबूसिंह राजपूत, मनोज भार्गव, जयसिंह रघुवंशी, पीयूष बारेला सहित संप्रेक्षण गृह में निवासरत बालक उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री चंदेल ने इसरो एवं उससे जुड़े वैज्ञानिक कार्यक्रमों की जानकारी बालकों को दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश के सहयोग से संचालित "विज्ञान मंथन" कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिरुचि को पहचानना और उन्हें अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।




### तंबाकू नहीं चलेगीः जिला चिकित्सालय में 19 पर जुर्माना, टीसीसी सेंटर ने दिखाई राह

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय ने स्वच्छ और तंबाकू मुक्त परिसर बनाने के लिए निरंतर प्रयास तेज कर दिए हैं। आज की कार्रवाई में 19 तंबाकू सेवनकर्ताओं पर कुल 2,100 रुपए का जुर्माना लगाया गया और उन्हें टी.सी.सी. सेंटर (तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र) में रेफर किया गया।

---

जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र से दर्दनाक मामला सामने आया

# प्रेमिका के लिए पत्नी छोड़ी फिर मिला धोखा, शादी की खबर सुन युवक ने खाया जहर हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना


जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां प्रेम में धोखा मिलने से आहत एक युवक ने ज़हर खाकर अपनी जान दे दी। घटना पुराने रूठियाई इलाके की है।

मृतक की पहचान 25 वर्षीय प्रद्युम्न शहरिया के रूप में हुई है। ये है पूरा मामलाजानकारी के अनुसार मंगलवार 28 अप्रैल शाम करीब 6 बजे पुरानी रूठियाई निवासी 25 वर्षीय प्रद्युम्न शहरिया ने सल्फास की गोलियां खा लीं। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन करीब 8 घंटे बाद, 29 अप्रैल रात 2:15 बजे उसकी मौत हो गई।

### 5 साल का रिश्ता, पत्नी-बेटी को भी छोड़ा

परिजनों के मुताबिक, प्रद्युम्न का हमीरपुर की एक युवती से पिछले 5 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान उसने अपनी पत्नी और बच्ची को छोड़ दिया था। इतना ही नहीं, उसने युवती के साथ मंदिर में शादी करने का भी दावा किया था।

**शादी की खबर बनी मौत की वजहः** बताया गया है कि हाल ही में युवक को जानकारी मिली कि उसकी प्रेमिका की शादी किसी अन्य युवक से तय हो गई है और बारात आने वाली है।



यह खबर सुनते ही वह मानसिक रूप से टूट गया और उसने करीब 10 सल्फास की गोलियां खा लीं। मृतक ने सल्फास की गोलियों के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो भी अपलोड किया था।

### लड़की ने शर्त रखी थी परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

मृतक के पिता मांगीलाल शहरिया ने आरोप लगाया है कि युवती ने शादी का झांसा देकर लंबे समय तक संबंध बनाए और उनके बेटे को आर्थिक रूप से भी नुकसान पहुंचाया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मामले से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। लड़की ने शर्त रखी थी कि वह पत्नी को छोड़ने के बाद ही उसके साथ रहेगी। इस वजह से प्रद्युम्न ने 2 साल पहले अपनी पत्नी को छोड़ दिया था।

पिता के अनुसार, इसके बाद भी लड़की साथ रहने को राजी नहीं हुई और केवल पैसे लेती रही।

---


भीषण गर्मी में शोपीस बना बिजली विभाग का "उपाय"

# उपभोक्ता ने दिन भर में की 24 शिकायतें हर बार मिला समाधान का झूठा मैसेज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भीषण गर्मी और 44 डिग्री के पार जाते पारे के बीच बिजली कंपनी की लापरवाही उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है।

अघोषित बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या से जनता पहले ही त्रस्त है, उस पर कंपनी की हेल्पलाइन और उपाय एप महज शोपीस बनकर रह गए हैं। कर्नलगंज क्षेत्र में बिजली कंपनी के गैर-जिम्मेदाराना रवैये का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक उपभोक्ता को अपनी समस्या सुलझाने के लिए सुबह से रात तक 24 बार शिकायत दर्ज करानी पड़ी।




### फर्जी निराकरण का खेल, बिना पहुंचे ही खत्म कर दी शिकायत

कर्नलगंज क्षेत्र के एक उपभोक्ता मंगलवार सुबह से ही लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे थे। उन्होंने सबसे पहले उपाय एप के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज की। कुछ ही देर में मोबाइल पर शिकायत नंबर तो जनरेट हुआ, लेकिन हैरान करने वाली बात यह रही कि बिना किसी सुधार कार्य या अमले के पहुंचे ही कंपनी ने बिजली दुरुस्ती का मैसेज भेजकर शिकायत को बंद कर दिया। उपभोक्ता ने हार नहीं मानी और एक के बाद एक शिकायतें करना शुरू किया। आलम यह रहा कि सुबह से रात 10 बजे तक उपभोक्ता को करीब दो दर्जन (24 बार) शिकायती प्रक्रिया दोहरानी पड़ी।

### फोन पर मांगते रहे एड्रेस फिर बोले—शिकायत हटा लो

हद तो तब हो गई जब मेंटेनेंस टीम के नाम पर उपभोक्ता को बार-बार फोन आते रहे। टीम के सदस्य एड्रेस पूछते रहे, लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा। बिजली कंपनी के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल तब खड़े हुए जब फोन पर उपभोक्ता से बिजली सही करने के बदले शिकायत वापस लेने या उसे क्लोज करने की मांग की गई। यह पूरा घटनाक्रम समझ से परे रहा कि आखिर बिना काम किए विभाग शिकायत बंद करने का दबाव क्यों बना रहा था? अंततः 24वीं शिकायत और भारी जद्दोजहद के बाद देर रात टीम मौके पर पहुंची।

### अधिकारी नहीं उठाते फोन, हेल्पलाइन फेल

उपभोक्ता ने बिजली बिलों पर दिए गए विभागीय अधिकारियों के नंबरों पर भी संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वहां से भी कोई जवाब नहीं मिला।

जिले में वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या से बड़ी संख्या में लोग परेशान हैं, लेकिन उपाय एप और हेल्पलाइन नंबरों की यह आंख-मिचौली जनता के घावों पर नमक छिडक़ने का काम कर रही है।

जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी और फील्ड स्टाफ की यह मनमानी बिजली कंपनी की साख पर बट्टा लगा रही है।

यहां तक बिजली कंपनी के आला अधिकारी महाप्रबंधक से लेकर ईई एवं एई तक फोन नहीं उठाते।

---

# एक सर्वेयर की सेवा समाप्त, दो खरीदी प्रभारियों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा राम वेयरहाउस, रामनगर पर कार्यरत सर्वेयर को सेवा से पृथक किया गया। साथ ही 2 खरीदी प्रभारियों को केन्द्र पर अव्यवस्था पाई जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने बताया कि खरीदी केन्द्र राम वेयरहाउस, रामनगर (राधौगढ) पर सर्वेयर मिथुन मीना (आउटसोर्स) द्वारा किसानों से अधिक मात्रा में सेंपल लेने की अनियमितताएं करने पर सेवा से पृथक करने के आदेश जारी किये गये है। साथ ही सहकारिता विस्तार अधिकारी तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बमोरी के द्वारा स्टॉकअप वेयरहाउस, कॉलोनी के द्वारा उपार्जन केन्द्र पर पाई गई अनियमितताओं हेतु खरीदी प्रभारी औसाफ खान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार तहसीलदार गुना तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गुना द्वारा मां पीताम्बरा वेयरहाउस डुंगासरा द्वारा निरीक्षण करने में अनियमितताएं मिलने पर खरीदी प्रभारी व सहायक प्रभारी, सोनिया रघुवंशी व लहरीसिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है साथ ही तीन दिवस में जवाब चाहा गया है। समय सीमा में जवाब प्रस्तुत नही करने पर दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने बताया कि उपार्जन कार्य उच्च प्राथमिकता में है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरदाशत नहीं की जावेगी।

---

# फरार पारदी बदमाशों ने 22 बीघा जमीन पर किया कब्जा

- बंदूक की नोक पर ग्रामीणों को गांव से निकाला जनसुनवाई में छलका दर्द
- एसपी-कलेक्टर से मांगी सुरक्षा




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला मुख्यालय पर आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में बमोरी तहसील के विश्वनगर खैजरा एवं हाल निवासी हड्डीमिल जगनपुर चक से आए पारदी परिवारों ने कलेक्टर और एसपी के सामने न्याय की गुहार लगाई। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि गांव के ही आपराधिक प्रवृत्ति के पारदी बदमाशों ने उनकी करीब 22 बीघा कृषि भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है और उन्हें जान से मारने की धमकी देकर गांव से बाहर निकाल दिया है।बसपा नेता और पूर्व पार्षद गब्बू पारदी ने बताया कि विश्वनगर खैजरा में उनकी पुस्तैनी जमीन है, जिस पर वासु, महेश, नाथूड़ा, जुवाला जैसे अपराधियों ने कब्जा कर रखा है। इन बदमाशों पर पुलिस ने एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है और ये लंबे समय से फरार हैं। गब्बू पारदी का आरोप है कि ये बदमाश खुलेआम धमकी देते हैं कि हम तो पहले से फरार हैं, एक और केस और मर्डर ही सही। पीड़ितों का कहना है कि दबंग बंदूक की नोक पर उन्हें डराते हैं, जिससे वे अपनी ही जमीन पर जाने से कतरा रहे हैं।जनसुनवाई में पहुँची कोमल सिंह पारदी और बबलू बाई ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि बदमाशों ने न केवल उनकी जमीन छीनी, बल्कि विरोध करने पर उनके साथ बेरहमी से मारपीट भी की। बबलू बाई ने बताया कि मारपीट के कारण उनका पैर फ्रैक्चर हो गया है। दबंगों ने उनकी खड़ी गेहूं की फसल जबरन काट ली। अब स्थिति यह है कि पीड़ित परिवार मजदूरी कर अपना गुजारा कर रहे हैं। आवेदन में कोमल सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे परिवार सहित आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। पीड़ितों ने रुठियाई थाने और तहसील कार्यालय पर भी भ्रष्टाचार और सुनवाई न होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदन में तो यहाँ तक मांग की गई है कि इन इनामी बदमाशों का एनकाउंटर किया जाए ताकि आम जनता सुरक्षित रह सके। कलेक्टर और एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ितों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही पर्याप्त पुलिस बल भेजकर उनकी जमीन से अवैध कब्जा हटवाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

# सनसनीः गेहूंखेड़ी के पठार पर मिला शव परिजनों ने कहा-हत्या कर यहां फेंकी लाश



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेहूंखेड़ी गांव के पठार पर एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मनोज मीना के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

परिजनों के अनुसार मनोज मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे घर से निकला था, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। बुधवार सुबह मृतक का पुत्र गिर्राज, जिसकी पठार पर दुकान है, जब दुकान के पीछे बने कमरे में पहुंचा तो वहां पिता का शव पड़ा मिला।परिजनों का आरोप है कि मनोज की हत्या कहीं और की गई और बाद में शव को यहां लाकर फेंक दिया गया। उनका कहना है कि उक्त स्थान पर अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है, जिससे घटना को लेकर संदेह और गहरा हो गया है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### "प्रतिभा सम्मान समारोह" 10 मई को

गुना । क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय द्वारा एक नई पहल करते हुए 80% अथवा उससे अधिक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु 10 मई 2026 को "प्रतिभा सम्मान समारोह" का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक (**UG**) एवं स्नातकोत्तर (**PG**) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 01 मई 2026 से प्रारंभ की जा रही है। विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी संकाय एवं आधुनिक सुविधाओं के साथ विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान किया जा रहा है।


---

चार पुलिया निर्माण के लिए पौने तीन करोड़ रुपए स्वीकृत

# श्योपुर बारां हाईवे पर बनेगी 4 पुलिया, कम होगा बाढ़ का कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर

श्योपुर-बडौदा-बारां स्टेट हाईवे पर मौजूद चार पुरानी पुलिया अब नए सिरे से बनाई जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इन चारो पुलियाओ के निर्माण पर करीब पौने तीन करोड रुपए की राशि खर्च होगी। पुलियाओं का निर्माण एमपीआरडीसी करेगा। यही वजह है कि पुलियाओं के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी होने के बाद एमपीआरडीसी द्वारा चारो पुलियाओ का निर्माण कराए जाने के लिए टेंडर संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। खास बात यह है कि इन चारो पुलियाओ के बनने के बाद जहां श्योपुर बारां स्टेट हाइवे पर यातायात सुगम होगा,वहीं बडौदा कस्बे में बारिश के दौरान निर्मित होने वाले बाढ के कहर से थोडी राहत भी मिलेगी। जिससे बडौदावासियों की परेशानियां काफी हद तक कम हो जाएगी। इसलिए बडौदा कस्बे के लोग इन पुलियाओ के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर खुशी व्यक्त कर रहे है। यहां बता दें कि श्योपुर-बारां स्टेट हाईवे पर मप्र की सीमा में श्योपुर से बडौदा होते हुए कुहांजापुर पार्वती नदी तक करीब 13 साल पहले एमपीआरडीसी के द्वारा टू लेन सडक का निर्माण करा दिया गया। बडौदा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एमपीआरडीसी द्वारा हाइवे का निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन बडौदा कस्बे में मौजूद तीन पुलिया और राजपुरा के पास मौजूद नहर की पुलिया को नई बनाने की जगह हाईवे को इन पुलियाओ से होकर ही गुजार दिया।



### बड़ौदा में बाढ का खतरा बढ़ा रही तीनों पुलिया

श्योपुर बारां स्टेट हाईवे पर बडौदा कस्बे में मौजूद पुलिस थाने के पास की पुलिया, भट्टा महाराज के पास पर बनी पुलिया तथा टेलीफोन एक्सचेंज के पास बनी पुलिया न केवल सकरी बनी हुई है,बल्कि हाइवे से थोडी नीची भी रह गई है। जो बारिश के दौरान बडौदा कस्बे में बाढ के खतरे को बढाने का काम करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान इन तीनो पुलियाओ से बारिश के पानी की सही तरीके से निकासी नहीं हो पाती,जिसकारण बाढ का खतरा बढ जाता है, ऐसे में प्रशासन को इन पुलियाओ के बगल से सडक को काटना पडता है।

### इनका कहना..

श्योपुर बारां हाइवे पर चार पुलियाओ का निर्माण कराने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। जिसके बाद हमने टेंडर संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि टेंडर प्रक्रिया 15 दिन में पूरी हो जाए और जल्द ही पुलियाओ का निर्माण कार्य शुरू हो जाए।

**सुनील पुआरे**
**डीजीएम एमपीआरडीसी**

हाइवे निर्माण के दौरान छोडी गई बडौदा की तीनो पुलिया बारिश में हर बाढ के खतरे को बढाती है। मगर अब तीनो पुलिया नए सिरे से बनने से बाढ का खतरा काफी हद तक कम हो जाएगा।

**राजू सुमन**
**नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी बडौदा**

### ग्राम पंचायत बजरंगगढ के तालाब पर किया श्रमदान

गुना । जल गंगा संवार्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ब्लॉक गुना द्वारा कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन मे आज ग्राम पंचायत बजरंगगढ के ग्राम माना के स्थानीय तालाब पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रमदान कार्यक्रम में नवांकुर संस्था परामर्शदाता, छात्र एवं छात्राऐं के साथ मिलकर दो घंटे तक तालाब की सफाई की गई। इस दौरान तालाब में विसर्जित की गई पूजन की सामग्री पॉलिथिन और अन्य कचरे को एकत्रित कर लगभग 20 कट्टे कचरा निकालकर उचित स्थान तक पहुचाया गया। तालाब की सफाई के दौरान ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल द्वारा जल के महत्व पर प्रकार डाला गया है। उन्होंने कहा कि जल ही हमारे जीवान का आधार है। इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

### फतेहगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अंतरराज्यीय नशा तस्कर गिरफ्तार, लाखों का डोडाचूरा जब्त

गुना । जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फतेहगढ़ थाना पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए एक अंतर्राज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 1.50 लाख रुपये मूल्य का डोडाचूरा एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित कुल लगभग 2.20 लाख रुपये का माल जब्त किया है। फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 28 अप्रैल 2026 की शाम सेनबोर्ड-छबड़ा रोड स्थित ग्राम पाखार मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा।पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार ने भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जगतार सिंह (32) निवासी ग्राम पथरिया, थाना फतेहगढ़ बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 15.220 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद किया गया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ फतेहगढ़ थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही तस्करी से जुड़े अन्य नेटवर्क और स्रोतों की जांच भी की जा रही है।

## समाचार संक्षेप

### राघौगढ़ टैंकर पार्किंग में "राघोजी प्याऊ" का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

नगर में जनसेवा की एक सराहनीय पहल के तहत टैंकर पार्किंग संचालक असपाक खान द्वारा "राघोजी प्याऊ" का शुभारंभ कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र लाहोटी,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल वत्स, नगर कांग्रेस अध्यक्ष असपाक मंसूरी,पार्षद अशोक मीणा,पार्षद चंदू बुनकर,पार्षद श्रीलाल कुशवाह, पार्षद महराज सिंह,राघौगढ़ मुस्लिम समाज अध्यक्ष ताहिर खान,एनएसयूआई अध्यक्ष प्रशांत मेर, बिरजू मेर, नरेंद्र वीलरवान, दीपक विलरवान, हलीम खान, नासिर खान राईन हनीफ खान ठेकेदार शाहिद पठान एवं सभी आमजन की मौजूदगी में संपन्न हुआ। टैंकर पार्किंग संचालक असपाक खान द्वारा आम जनता और राहगीरों ट्रक ड्राइवर के लिए शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।भीषण गर्मी के इस दौर में यह प्याऊ लोगों के लिए राहत का एक बड़ा सहारा बनेगा। यह सेवा 24 घंटे, 365 दिन निरंतर जनहित में समर्पित रहेगी, जिससे हर जरूरतमंद को बिना किसी परेशानी के पानी मिल सके।यह नेक कार्य इंसानियत, खिदमत और समाज सेवा की एक बेहतरीन मिसाल है।

### राघौगढ़ में स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण अधिकारियों को दिए सुधार के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

नगर के आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज़ सिंह यादव ने वार्ड क्रमांक 14 स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड एवं सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप एमआरएफ सेंटर, कंपोस्ट प्लांट, एफ.एस.टी.पी. प्लांट एवं सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं साफ-सुथरी बनी रहें, ताकि नगर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हो सके।इस अवसर पर उपयंत्री विशाल बाबू शर्मा, नगर पालिका का स्टाफ तथा सफाई मित्र भी मौजूद रहे।

# बहन का सुहाग उजाड़ने वाले भाई को मिली आजीवन कारावास की सजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

अपने बहनोई की हत्या कर बहन को विधवा करने वाले भाई को सत्र न्यायाधीश गुना अमिताभ मिश्र ने आजीवन कारावास से दण्डित किया। प्रकरण में मध्यप्रदेश राज्य की ओर से पैरवी लोक अभियोजक अलंकार वशिष्ठ ने की।अभियोजन कहानी के अनुसार फरियादी बाबूलाल ने दिनांक 16-11-25 सुबह लगभग 10:40 बजे थाना बजरंगगढ़ में इस आशय की रिपोर्ट की कि सुबह 7 बजे उसके मोहल्ले के बच्चे चिल्लाते हुए आये कि माता मोहल्ला मरघट शाला चौपट नदी के पास वाले कुआं में एक व्यक्ति मरा हुआ पड़ा है, तब बाबूलाल और विजय अहिरवार ने वहां जाकर देखा कि उनका दामाद देवेन्द्र अहिरवार का शव कुएं में पड़ा दिखा। मृतक की गुमशुदगी की रिपोर्ट बाबूलाल ने दिनांक 14-11-25 को थाने पर की थी। मौके पर मोहल्ले के और भी लोग आ गये थे, डायल 100 पर सूचना देने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से मृतक के शव को कुएं से निकालकर लिखा-पढ़ी की। डॉक्टर की रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु सिर में आयी चोट के कारण हुई। डॉक्टर ने अपने बयान में बताया कि कुएं में पानी होने की स्थिति में मृतक देवेन्द्र को जिस प्रकार की चोटें आईं हैं वैसी चोटें नहीं आ सकतीं।घटना का कोई चक्षुदर्शी साक्षी नहीं था और पूरा प्रकरण परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित था। जांच में पुलिस ने पाया कि मृतक देवेन्द्र उसकी पत्नी भुरिया बाई को जो कि आरोपी विजय अहिरवार की बहन थी परेशान करता था, इस कारण विजय पुत्र बाबूलाल अहिरवार निवासी माता मोहल्ला थाना बजरंगगढ़ ने दिनांक 13-11-25 रात्रि लगभग 10 - 11 बजे उसके बहनोई की मारपीट कर सिर में गम्भीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर लाश कुएं में फेंक दी। पुलिस ने विवेचना में घटना स्थल से बियर की 2 खाली बोतल, शराब के 2 खाली पाउच, शर्ट के बटन जब्त किये। आरोपी को गिरफ्तार किया और जब्तशुदा सामग्री को रासायनिक जांच हेतु fsl भेजा। न्यायालय में मृतक के पिता राजाराम ने बताया कि घटना के समय भुरिया बाई एक माह से मायके में रह रही थी और देवेन्द्र दिनांक 13-11-25 को मोटर साइकिल से भुरिया बाई को लेने गया था। अगले दिन जब राजाराम ने देवेन्द्र को फोन लगाया तो विजय की पत्नी ने फोन उठाया और कहा कि रात के 10 बजे से देवेन्द्र लापता है। साक्षियों द्वारा रात्रि के समय देवेन्द्र और विजय अहिरवार को आपस में झगड़ते हुए भी देखा गया था। बजरंगगढ़ स्थित कलारी की दुकान के सीसीटीवी कैमरे में भी मृतक देवेन्द्र और आरोपी विजय अहिरवार एक साथ देखे गये थे। अभियोजन ने सन्देह से परे ये प्रमाणित किया कि मृतक देवेन्द्र की मृत्यु शराब पीकर कुएं में गिरने से नहीं हुई थी बल्कि आरोपी विजय अहिरवार ने देवेन्द्र की हत्या कर लाश कुएं में फेंक दी थी।सम्पूर्ण साक्ष्य और अभियोजन तथा बचाव पक्ष के समस्त तर्कों को सुनने के पश्चात न्यायालय ने अभियोजन की इस कहानी को सन्देह से परे प्रमाणित मानते हुए आरोपी विजय अहिरवार को उसके बहनोई की हत्या का दोषी पाते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) में आजीवन कारावास और 2 हजार रुपए के अर्थदंड तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 238(ख) में 2 वर्ष के सश्रम कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया।

जनगणना कार्य को गति

# प्रगणकों को आईडी कार्ड व नियुक्ति पत्र वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

नगर परिषद आरोन में जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं चार्ज जनगणना अधिकारी दिनेश कुमार सोनी द्वारा प्रगणकों को जनगणना आईडी कार्ड एवं नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस दौरान श्री सोनी ने प्रगणकों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय-सीमा में पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करें, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके।

कार्यक्रम में जनगणना तकनीकी सहायक सोनू शर्मा सहित नगर परिषद के कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सहयोग का आश्वासन दिया।

# आरोन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की सक्रियता, सचिन सप्रे ने प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

आरोन के अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन सप्रे ने भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निवास पर शिष्टाचार भेंट की।



मुलाकात के दौरान सप्रे ने प्रदेश अध्यक्ष को संगठन की वर्तमान गतिविधियों से अवगत कराया तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस पर प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।इस दौरान मोर्चा की आगामी कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। सचिन सप्रे ने बताया कि अनुसूचित जाति मोर्चा समाज के हितों के लिए लगातार सक्रिय है और संगठन के निर्देशानुसार आगे भी कार्य करता रहेगा।

# गुना रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य बना परेशानी का कारण, यात्रियों को नहीं मिल रहीं मूलभूत सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



गुना रेलवे स्टेशन पर चल रहे अमृत निर्माण कार्य को लगभग दो वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन कार्य की धीमी गति अब यात्रियों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनती जा रही है। करीब साढ़े अट्ठाईस करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाना है, लेकिन वर्तमान हालात चिंताजनक बने हुए हैं।भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। यात्रियों का आरोप है कि स्टेशन का एक हिस्सा पूरी तरह खुला पड़ा है, जहां उन्हें तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच बैठकर इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं, प्रतीक्षालय की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। प्रथम श्रेणी का प्रतीक्षालय लंबे समय से बंद पड़ा है, जिससे रोजाना दर्जनों यात्री असुविधा झेल रहे हैं।हाल ही में एक यात्री परिवार को उस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब उन्हें अजमेर के लिए यात्रा करनी थी और उनकी ट्रेन करीब पांच घंटे विलंबित हो गई। समय पर स्टेशन पहुंचने के बावजूद उन्हें छोटे बच्चों के साथ खुले में इंतजार करना पड़ा, क्योंकि प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय बंद था।इस मामले को सामाजिक कार्यकर्ता सुनील आचार्य ने गंभीरता से उठाया। यात्री द्वारा साझा किए गए वीडियो के आधार पर उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से संबंधित अधिकारियों और वरिष्ठ रेल प्रशासन को अवगत कराया। आचार्य ने कहा कि टिकट आरक्षण कराने वाले यात्रियों को रेलवे मानकों के अनुसार प्रतीक्षालय जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलना उनका अधिकार है।उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय में ऐसा कौन-सा कार्य चल रहा है, जो दो वर्षों में भी पूरा नहीं हो सका। साथ ही मांग की कि यदि कक्ष का कार्य अधूरा है, तो प्रथम श्रेणी यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था, जैसे वीआईपी कक्ष, तत्काल उपलब्ध कराई जाए।आचार्य ने रेल प्रशासन से प्रतीक्षालय को शीघ्र चालू कर यात्रियों को राहत देने की अपील की है। वहीं, स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि निर्माण कार्य की आड़ में सुविधाओं की अनदेखी करना यात्रियों के अधिकारों का हनन है, जिसे अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# मुख्य सचिव द्वारा वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से विभागों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। साथ ही आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग के अंतर्गत ड्रॉप आउट बच्चों के एडमिशन शतप्रतिशत नामांकन,संपर्क एप,मिशन अंकुर,उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम,प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास,धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान,वन अधिकार अधिनियम के संबंध में विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मातृ शिशु मृत्यु दर,संपर्क एप डाटा एंट्री,कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार,सिकल सेल,टीबी मुक्त भारत अभियान,हाईरिस्क मरीजों की जांच तथा वन विभाग अंतर्गत प्रोजेक्ट हेतु भू-अर्जन के मामलों पर समीक्षा की गई। इस दौरान गेहूँ उपार्जन के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने की समीक्षा की गई। बैठक में ज्ञान भारतम् मिशन,जनगणना की प्रगति,संबल योजना,नगरीय क्षेत्रों में जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर कार्यवाही के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाईन,लोक सेवा गारंटी तथा कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। वीडियों कांफ्रेंस में जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय ,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा आदि रहे मौजूद।



# जैन मिलन की शाखाओं ने लगाया स्व भवन गणना सहायता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

समाज सेवी संस्था जैन मिलन की शाखाओं द्वारा विगत कई दिनों से प्रतिदिन शाम को त्रिकाल चैबीसी एवं पाश्र्वनाथ जैन मंदिर सोनी कालोनी में स्व भवन गणना सहायता शिविर लगाया जा रहा है।

भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन, शाखा अध्यक्ष मनीष जैन एवं मंत्री दीपक मलावनी द्वारा बताया गया कि समाज बंधुओं को स्व गणना सहायता केम्प के द्वारा प्रेरित किया जा रहा है की वह स्वंय अपने मकान की गणना का कार्य करें। इस कार्य में स्वजातीय शासकीय कर्मचारियों की सहायता ली जा रही है। इस शिविर में समाज जनों को स्व भवन गणना में 33 कालम कैसे भरें जाएंगे। जानकारी दी जा रही है तथा उन्हें समझाया जा रहा है कि सभी जानकारी भरने के बाद जो आई डी प्राप्त होगी वह 1 मई से 30 मई तक जो शासकीय कर्मचारी भवन गणना करने आएंगे उन्हें बताकर ओके कराएं और कोई भूल हो गई हो तो वह भी ठीक करा सकते हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ने बताया कि इसी तरह जैन मिलन सेन्ट्रल द्वारा भी शांति नगर मंदिर में केम्प लगाया जा रहा है।

### लड़ाई झगड़ा करने वाले बदमाशों को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** 20 अप्रैल को फरियादी गौरव यादव निवासी गौशाला अशोकनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपीगण सुमित रजक, आदित्य शाक्य, पंकज रजक, उमेश कोरी, दिलीप शाक्य एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा एक राय होकर डंडा, फरसा एवं तलवार से लैस होकर अश्लील गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई। इस पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया। इसी प्रकार द्वितीय पक्ष द्वारा भी फरियाद सुमित पुत्र धमेन्द्र रजक निवासी लम्बरदार मोहल्ला अशोकनगर द्वारा आरोपी गौरव यादव, संजीव यादव, सुखदेव यादव एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा जातिसूचक गाली-गलौच, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई। इस पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा थाना कोतवाली को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

घायल महिला को गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

# एसडीएम मनीष धनगर ने पेश की मानवता की मिशाल



**अशोकनगर।** नगर के बायपास रोड तिराहे पर बुधवार दोपहर एक सराहनीय उदाहरण सामने आया, जब चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर ने एक घायल बुजुर्ग महिला की मदद कर मानवता का परिचय दिया।

जानकारी के अनुसार, पीपरोदा निवासी 60 वर्षीय रामवती अपने पति के साथ बाइक पर कहीं जा रही थीं, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह सड़क पर गिर गईं। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। उसी समय वहां से गुजर रहे एसडीएम मनीष धनगर ने जब घायल महिला को देखा, तो उन्होंने बिना समय गंवाए अपनी गाड़ी रोकी और महिला को अपनी सरकारी गाड़ी में बिठाकर तुरंत चंदेरी अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या-वाराणासी (काशी) तीर्थयात्रा के लिए आवेदन 22 मई तक

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रदेश या प्रदेश के बाहर तीर्थ स्थलों की यात्रा कराती है। यह योजना आयकर न देने वाले नागरिकों के लिए है, जिसमें ट्रेन से यात्रा, भोजन, ठहरने और बस की सुविधा आईआरसीटीसी के माध्यम से प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अतंर्गत अयोध्या-वाराणासी (काशी) तीर्थयात्रा हेतु जिला अशोकनगर को 196 तीर्थ यात्रियों का वर्थ का कोटा शासन द्वारा आंवटित किया गया हैं। यह ट्रेन ब्यावरा (राजगढ)-गुना-अशोकनगर-निवाडी से होते हुए अयोध्या-वाराणासी (काशी) 05 जून 2026 को रवाना होगी तथा 10 जून 2026 को वापिस लौटेगी। संयुक्त कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगरपालिका/नगर परिषद अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अपने क्षेत्र अंतर्गत उक्त यात्रा का प्रचार प्रसार करेंगे तथा तीर्थ यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 मई 2026 शासन द्वारा नियत की गई है। प्राप्त आवेदनों की सूची हार्ड एवं सॉफ़्टकॉपी में जिला कार्यालय अशोकनगर में 26 मई 2026 को भेजा जाना सुनिश्चित करें।

### ग्राम पंचायत डेंगामोचार में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ



**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को ग्राम पंचायत डेंगामोचा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं लीगल एड डिफेंस काउंसल विष्णु नारायण विरथरे विशेष रूप से उपस्थित रहे।शिविर में विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों एवं आमजन को एससी/एसटी योजनाओं के अंतर्गत उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही शिक्षा के अधिकार, सरकारी नौकरियों में अवसर प्राप्त करने के उपायों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं, 15100 हेल्पलाइन नंबर, पीड़ित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता योजना, निःशुल्क विधिक सहायता एवं विधिक सलाह योजना की जानकारी भी ग्रामवासियों को दी गई।

### मुस्कान अभियान के अंतर्गत अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** थाना प्रभारी देहात उनि0 भुवनेश शर्मा द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.04.2026 को थाना देहात पर एक फरियादिया द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के अपहृत होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त रिपोर्ट पर थाना देहात में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़िता को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है। उक्त आधार पर प्रकरण में धारा 96 एवं 127(2) बीएनएस का इजाफा किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी देहात उनि0 भुवनेश शर्मा को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी देहात द्वारा तत्काल टीम का गठन कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। टीम द्वारा संभावित स्थानों पर लगातार तलाश की गई। पुलिस की तत्परता एवं सक्रिय प्रयासों के परिणामस्वरूप को अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर प्रकरण में तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग से आरोपी देवेन्द्र पिता गोविन्दा आदिवासी, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम गोडन, थाना खनियाधाना, जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम चकेरी निवासी राजा सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी, जिससे उसे चोटे आई हैं। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत हाटकापुरा चंदेरी निवासी ग्यारसी रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 एमजी 0368 के अज्ञात चालक ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया पेंशन राशि का अंतरण



**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 33.45 लाख से अधिक हितग्राहियों को 200 करोड़ रुपये से अधिक पेंशन राशि का अंतरण किया गया, जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से अशोकनगर जिले के 24667 हितग्राहियों को 600 रूपये के प्रतिमाह के मान से 01 करोड़ 48 लाख 200 रूपये की राशि अंतरित की गई। इस दौरान एनआईसी कक्ष अशोकनगर में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग राजेन्द्र प्रजापति सहित हितग्राही उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक



**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में न्यायालय सभाकक्ष जिला मुख्यालय अशोकनगर में नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।बैठक में सभी न्यायाधीशों को निर्देशित किया गया कि वे लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समन्वयपूर्वक कार्य करें एवं अधिक से अधिक मामलों का निराकरण सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। बैठक में जिला मुख्यालय अशोकनगर के समस्त न्यायाधीशगण तथा तहसील न्यायालय चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ के समस्त न्यायाधीशगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

**खबर संक्षेप**

## मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कनावटा निवासी रूस्तम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमरेश और रज्जू विश्वकर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटरा मोहल्ला सिरोंज निवासी दिनेश पंथी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि न्यायालय परिसर चंदेरी के बाहर आरोपी सोनाली कोली, पूरनालल कोली, अभिषेक कोल व एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया देवत निवासी राजेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बलवीर, रामकृष और राजू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रूपेश और राजेश कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिमला निवासी रामकुमार बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामपाल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुकरेटा निवासी रामकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरेन्द्र और विनोद यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### मढ़ी बुजुर्ग स्कूल का परीक्षा परिणाम मात्र 16 प्रतिशत ही रहा

# जिले में 101 हाई स्कूलों में सोनेरा स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में शासकीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए तमाम प्रयास किए जाते हैं, लेकिन परीक्षा परिणाम कुछ स्कूलों को छोड़ दें तो 25 प्रतिशत स्कूल ऐसे हैं कि जहां परीक्षा परिणाम निराशा जनक सामने आया है। शासकीय हाई स्कूल सोनेरा ने वर्ष 2025-26 में जिले के 101 स्कूलों में से 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किया है। जबकि मढ़ी बुजुर्ग हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम मात्र 16 प्रतिशत रहा है।




### मॉडल हाई स्कूल चंदेरी का 99 प्रतिशत और भैंसरवास का 96 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा

अशोकनगर जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के बाद स्कूलों के परीक्षा परिणामों की सूची भी बोर्ड द्वारा जारी की गई है। अशोकनगर ब्लॉक का सोनेरा हाई स्कूल एक मात्र ऐसा स्कूल है जिसका परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। ग्रामीण अंचल का यह स्कूल और पिछड़े गांव में शामिल होने के बाद भी यहां के शिक्षकों की मेहनत और लगन के बाद बच्चों ने इस परीक्षा में बेहतर परिणाम दिया है। इसी प्रकार मॉडल स्कूल चंदेरी का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा, भैंसरवास हाई स्कूल गत वर्ष प्रथम स्थान पर रहा था लेकिन इस वर्ष तीसरे स्थान पर रहा है जिसका इस बार 96 प्रतिशत रहा है। बडेरा और ईसागढ डुंगासरा का परीक्षा परिणाम भी 96 प्रतिशत रहा है। 95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट विद्यालय चंदेरी का रहा है। जबकि प्राणपुर और नईसरायं के हाई स्कूलों का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा है जिनमें मॉडल स्कूल मुंगावली भी शामिल है। 93 प्रतिशत परीक्षा परिणाम मथनेर और बमनावर हाई स्कूलों का रहा है। 92 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दियाधरी और 90 प्रतिशत परीक्षा का परिणाम पाठखेडा हाई स्कूल का रहा है। बांकी सभी स्कूल 89 प्रतिशत से 70 प्रतिशत के बीच रहे हैं। 70 प्रतिशत से 60 प्रतिशत जिन स्कूलों का परिक्षा परिणाम रहा है, उनमें 21 हाई स्कूल शामिल हैं।

### जिले के कईं हाई स्कूल 50 प्रतिशत परीक्षा परिणाम भी प्राप्त नहीं कर सके

सबसे कम परीक्षा परिणाम जिन हाई स्कूलों का रहा है जो 50 प्रतिशत से नीचे हैं उनमें मढी बुजुर्ग हाई स्कूल का 16 प्रतिशत, शहवाजपुर का 25, ओडेंर का 27 प्रतिशत, हाई स्कूल अशोकनगर का परीक्षा परिणाम 36, खजूरिया कला का परीक्षा परिणाम 37, हाई स्कूल तमाशा का परीक्षा परिणाम 41 प्रतिशत, सहोदरी का परीक्षा परिणाम 43 प्रतिशत, हाई स्कूल टोड़ा का परीक्षा परिणाम 46 प्रतिशत और हाई स्कूल जलालपुर का परीक्षा का परिणाम 48 प्रतिशत रहा है।

### चंदेरी मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल का सर्वाधिक 95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा

जिले में 32 हायर सेकेण्ड्री स्कूल हैं जिसमें एक भी स्कूल ऐसा नहीं है जिसका परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा हो, अधिकतम 95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल चंदेरी का रहा है। दूसरे क्रम पर हायर सेकेण्ड्री स्कूल पिपरई रहा जिसका परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत और मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल अशोकनगर का भी 90 प्रतिशत परिणाम रहा है। उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम 89, पारसौल हायर सेकेण्ड्री का 89, बमनावर हायर सेकेण्ड्री का 86, कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल ईसागढ का 85 और कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल मुंगावली का भी परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा है। 83 प्रतिशत परीक्षा परिणाम हायर सेकेण्ड्री स्कूल थूवोन और मॉडल स्कूल चंदेरी का रहा है। 82 प्रतिशत परीक्षा परिणाम हायर सेकेण्ड्री महिदपुर, बहादुरपुर हायर सेकण्ड्री का रहा है। 81 प्रतिशत परीक्षा परिणाम मॉडल स्कूल ईसागढ का रहा है, जबकि 80 प्रतिशत परीक्षा परिणाम 3 स्कूलों का रहा है जिनमें शाढ़ौरा उत्कृष्ट विद्यालय, हायर सेकेण्ड्री स्कूल कदवाया और बामौरी टांका शामिल है।


### राजपुर हायर सेकंड्री स्कूल का सबसे कम 38 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा

हायर सेकेण्ड्री स्कूल का वर्ष 2025-26 में परीक्षा परिणाम सबसे कम हायर सेकेण्ड्री राजपुर का रहा है, जहां कुल 38 प्रतिशत परीक्षा का परिणाम है, झीला हायर सेकेण्ड्री स्कूल का 51 प्रतिशत, हायर सेकेण्ड्री स्कूल क्रमांक 1 अशोकनगर का 52 प्रतिशत, और रांवसर हायर सेकेण्ड्री स्कूल का 53 प्रतिशत, कचनार हायर सेकेण्ड्री स्कूल का 54 प्रतिशत, मल्हारगढ हायर सेकेण्ड्री स्कूल का 61 प्रतिशत, उत्कृष्ट विद्यालय ईसागढ का परीक्षा परिणाम 68 प्रतिशत और नारायण पुर हायर सेकेण्ड्री स्कूल का परीक्षा परिणाम 69 प्रतिशत, उत्कृष्ट विद्यालय चंदेरी का परीक्षा परिणाम 70, हायर सेकेण्ड्री तूमैन का परीक्षा परिणाम 72 प्रतिशत रहा है तथा जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा है उनमें अथाईखेडा, सेहराई, उत्कृष्ट विद्यालय मुंगावली और कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल अशोकनगर शामिल हैं, नईसरायं हायर सेकेण्ड्री स्कूल का परीक्षा परिणाम 77 और कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल का परीक्षा परिणाम 79 प्रतिशत रहा है।

### बेकाबू ट्रक दूसरे वाहनों से भी टकराया

# ट्रक ने पैदल चल रहे ग्रामीण को रौंदा, मौके पर ही मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय पुरानी कृषि उपज गल्ला मंडी में एक बेकाबू ट्रक ने मंडी में पैदल चल रहे एक ग्रामीण को टक्कर मार दी, इस घटना में उसका सिर बुरी तरह कुचल गया, इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक आगे जाते हुए कुछ वाहनों से भी टकरा गया। मृतक ओवरब्रिज से पुरानी गल्ला मंडी में पैदल आ रहा था तभी यह घटना हुई, मृतक अपने हाथ में एक टिपिन लेकर चल रहा था जिस पर राहुल नाम लिखा है, उसकी पहचान नहीं हो पाई है, ट्रक में दो लोग सवार थे, घटना के बाद एक मौके से भाग गया, दूसरे को मौजूदा भीड़ ने पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो एक शराब की बोतल भी पुलिस को उसमें मिली है।

### पटवारियों के बस्ते 3 दिन से जमा, कोई सुनवाई नहीं



**अशोकनगर।** पटवारियों ने पिछले तीन दिनों से अपने बस्ते तहसीलों में जमा कर रखे हैं और उनकी मांगों का आज दिनांक तक कोई निराकरण नहीं किया गया है। गौरतलब है कि, पिपरई तहसीलदार द्वारा अवकाश के दिन पटवारियों की मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें आने के लिए पटवारियों को आने के लिए सख्त हिदायत एवं कार्यवाही की धमकी दी गई थी। पिपरई के पटवारियों का कहना है कि, तहसीलदार का व्यवहार हमेशा से ही सही नहीं रहा है। जिस अवकाश के दिन मीटिंग रखी गई थी उसी मीटिंग से लौटते समय तीन पटवारियों का एक्सीडेंट हो गया था जिसमें एक पटवारी सचेंद्र वगवार की मृत्यु हो गई थी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।तब से ही पटवारी पिपरई तहसीलदार पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं पटवारी चाहते हैं कि, तहसीलदार को निलंबित किया जाए एवं अवकाश के दिन मीटिंग एवं अन्य ड्युटियां, कार्य न कराए जाएं।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत पर परिजनों का हंगामा, सड़क पर लगाया जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी नगर में बुधवार दोपहर उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या कर उसे कुएं में फेंका गया है, जबकि ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या करार दे रहा है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम कुंवरपुर निवासी रवीना लोधी का विवाह करीब 2-3 साल पहले ग्राम बडेरा निवासी रामराज लोधी के साथ हुआ था। बुधवार को परिजनों को सूचना मिली कि रवीना की कुएं में गिरने से मौत हो गई है। इस खबर के मिलते ही बड़ी संख्या में कुंवरपुर के लोधी समाज के लोग चंदेरी पहुंचे और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए दोपहर करीब 3.00 बजे चक्का जाम कर दिया।

### परिजनों के गंभीर आरोप

रवीना के चाचा सुरेंद्र सिंह लोधी ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा शादी के बाद से ही पति रामराज रवीना को प्रताड़ति कर रहा था। परिजनों का दावा है कि उन्होंने पहले भी थाने में करीब चार बार शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों का स्पष्ट मानना है कि रवीना ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया है।

### प्रशासन की समझाइश के बाद खुला जाम

सड़क पर जाम की स्थिति देख मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता, तहसीलदार दिलीप दरोगा और थाना प्रभारी प्रशांत यादव ने आक्रोशित ग्रामीणों को काफी देर तक समझाया। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद ही परिजनों ने जाम खोला और यातायात बहाल हो सका।

### क्या कहना है इनका

पुलिस प्रशासन का कहना है कि फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की बारीकी से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
**चंदेरी थाना प्रभारी प्रशांत यादव।**

# हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत मखदूम शाह विलायत के 153वें तीन दिवसीय उर्स का शानदार समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दरगाह हजरत मखदूम शाह विलायत पर आयोजित 153वें तीन दिवसीय उर्स का समापन हो गया। 27 अप्रैल से शुरू हुए इस उर्स में बड़ी संख्या में जायरीन ने शिरकत की और बाबा की दरगाह पर फूल एवं चादर पेश कर दुआएं मांगी। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे दिल से बाबा मखदूम शाह विलायत से दुआ मांगता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है।



**सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कव्वालियों की रही धूम-** उर्स के पहले दिन 27 अप्रैल को उर्दू अदब का नातिया मुशायरा और बच्चों के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं, 28 अप्रैल को हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल जुनैद सुल्तानी और अदनान नाजा (मुंबई) के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, जिसे सुनने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे। उर्स के अंतिम दिन 29 अप्रैल को जायरीनों की भारी भीड़ उमड़ी।

इस दौरान साकिब अली साबरी (फैजाबाद, यूपी) और रैहान अली (मेरठ) के बीच रात भर चली कव्वाली के मुकाबले ने समां बांध दिया। चंदेरी उर्स कमेटी के सदर सैयद शाहनवाज हाशमी ने बताया कि उर्स की शुरुआत से ही बाहर से दुकानदारों और व्यापारियों का आना शुरू हो गया था। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के सदस्य वसीम पठान, ओवैश पठान, मोनू रंगरेज, मोहसिन आदि रहे मौजूद।

# दिगंबर जैन महिला परिषद का शपथ विधि समारोह ऐतिहासिक और गरिमापूर्ण रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद, शाखा अशोकनगर (राजुल संभाग) का शपथ विधि समारोह जैन भवन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया जी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जैन समाज के महामंत्री राकेश अमरोद एवं यातायात प्रवारी स्नेहा ठाकुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील अखाई ने की, जबकि शपथ विधि अधिकारी के रूप में नीलू बरोदिया ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

नवगठित कार्यकारिणी में डॉ. वर्षा बड़कुल को अध्यक्ष, मनीषा अरिहंत को सचिव तथा सोनम जैन को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इनके साथ कुल 21 सदस्यों ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की, साथ ही 8 नए सदस्यों का परिषद में स्वागत किया गया। इसी अवसर पर युवा अरिहंत परिषद का भी शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सोनम अजमेरा को अध्यक्ष, पल्लवी बंधू को सचिव तथा नम्रता जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इनके साथ भी 21 सदस्यों ने नवीन कार्यकारिणी की सदस्यता ली। इस अवसर पर परिषद की सभी बहनों के साथ प्रांतीय चेयरपर्सन नीलू बरौदिया, रश्मि जैन, प्रियंका बर्खेड़ा पूर्व अध्यक्ष टीना खैरा पूजा बर्खेड़ा वंदना चैधरी एवं प्रियंका पूजा बर्खेड़ा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।



### 12 सूत्रीय कार्यक्रमों की शपथ ली गई

परिषद द्वारा बारह सूत्रीय कार्यक्रमों पर शपथ ली गई, जिसमें समाज सेवा, महिलाओं का उत्थान, महिला सशक्तिकरण, "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं समाज हित में कार्य करने का संकल्प शामिल रहा।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, ध्वज वंदन एवं मंगलाचरण के साथ हुई। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में समाज के सभी श्रेष्ठि जनों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब, लाइंस क्लब, रोटरी क्लब, जैन मिलन, महासमिति एवं बहु-बेटी संगठन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की महिलाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।

# स्वास्थ्य शिविर में की गई महिलाओं की जांच




**निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गईं और मौसमी बीमारियों से बचने की सलाह दी गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

डिस्ट्रिक आरएम 1 स्वयं सिद्ध कीं द्वारा, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में शुगर ,बीपी थायराइड सीबीसी एवं यूरिन टेस्ट की जांच की गई। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मेघा भंवर,डॉ सीमा यादव ,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अर्जुन पटेल ,डॉ अमर परिहर, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कीर्ति रघुवंशी सभी डॉक्टर के सहयोग से मरीजों की निःशुल्क जांच की गई व दवाइयां भी निःशुल्क दी गई। क्लब द्वारा सतत रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है इस वर्ष भी चार्टर डे के उपलक्ष्य में यह शिविर लगाया गया। प्रांत की प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने बताया की आरएम 1 स्वयं सिद्ध स्वयंसिद्ध स्वयं सिद्ध का उद्देश्य सामाजिक दशा, दिशा और क्षमता को विकसित करने का है और इसी उद्देश्य को सार्थक करते हुए। इस वर्ष निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कई मरीज को लाभ देने की चेष्टा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी डॉक्टर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पंजाबी समाज के अध्यक्ष गायत्री अरोड़ा द्वारा सभी को स्वल्पाहार दिया गया।

# थोड़ा सा ज्ञान सीखें ज्ञान वह चीज है जो आप को अंजाने देश से भी निकाल कर ले आएगा: मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अपनी जिंदगी को ऐसा बनाओ कि हर व्यक्ति कहे कि मुझे इनसे मिलना है यदि तुम्हारी जिंदगी में प्रकाशित है आपका मन प्रकाश से भरा है हमारे ज्ञान को सुपर प्रकाशि कहा है हमारे पास संस्कार है हमारे पास गुण है हमारे पास सब कुछ है हमें अपने जीवन को सुपर प्रकाशि वनना है हमें अपने जीवन को सुगंधित करना है थोड़ा सा ज्ञान सीखें ज्ञान वह चीज है जो आप को अंजाने देश से भी निकाल कर ले आयेगा। उक्त आशय के उद्गार सुधा सागर सभागार में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए। मुंगावली नगर में परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ भले तैरह वर्षो के बाद आये हो लेकिन पूरे अंचल से भक्तों के आने का सिलसिला जारी है जिले की सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी अशोक नगर शाढ़ौरा बहादुरपुर बंगल चैराहा सहित पूरे अंचल से आज भी भक्तों ने श्री फल भेंट कर अपनी अपनी अर्जी प्रस्तुत की।

उन्होंने कहा कि जो अपने माँ बाप के अपने, संरक्षक के कहे में नहीं चलता उसे पारिवारिक सुख मिल ही नहीं सकता वह पारिवारिक सुख से वंचित रह जाता है ऐसा व्यक्ति औरों से प्रभावित होता है उन्हें अपना हितैषी मानता है अपने ही घर वालो को हीन भावना से देखता है ऐसे खोटे कर्म व्यक्ति को पतन की ओर ले जाते हैं ऐसे लोगों का अंत अच्छा नहीं होता परिवार घर गृहस्थी विगड जाती है उसका जीवन बाहर वालो की दया पर आश्रित हो कर रह जाता है पुण्य के उदय से अच्छा कुल परिवार मिला है तो मां वाप की उपेक्षा मत करो। बाहरी आकर्षण में मत पड़ना जो बाहरी आकर्षक में पड़ने वाले अपना जीवन व्यसनों में फंसकर खत्म कर लेते हैं और पूर्व भव के उपार्जित पुण्य को भी खत्म कर लेते हैं इस दुर्लभ पर्याय को समझें जाने और अपने जीवन में रोज नहीं तो हफ्ते में कम से कम एक अच्छा इंसानियत के लिए अवश्य करना प्रारंभ करें आपको बहुत सुकून मिलेगा। हमें अपने देश को विकसित राष्ट्र में लाने के लिए संस्कारो को बनायें रखना होगा उन्होंने कहा कि सभी चाहते हैं हमारा देश भी विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आते इसके लिए संस्कृति के साथ संस्कारो पर ध्यान देना होगा सिर्फ पैसा और भौतिक संसाधनों से हम विकसित राष्ट्र की श्रेणी में नहीं आ सकते हमें दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाना होगी इसके लिए प्रत्येक नागरिक को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सब कुछ झोंकते हुए भी अपने संस्कारो को बनायें रखना होगा।

# शाढ़ौरा ब्लॉक में अवैध शराब की बिक्री से सार्वजनिक व्यवस्था भंग

**ब्लॉक कांग्रेस ने तहसीलदार और थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, की कार्रवाई की मांग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

जिले के शाढ़ौरा ब्लॉक में जगह-जगह बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है,जिससे क्षेत्र का माहौल दिन- प्रतिदिन खराब होता जा रहा है। इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू रघुवंशी कुंदौरा ने बताया कि विशेष रूप से शाढ़ौरा में जो लायसेंस प्राप्त दुकान है, वह बस स्टैंड एवं मैरिज गार्डन के विल्कुल पास स्थित हैं, जिससे आये दिन शराबियों के उत्पात से बस स्टैंड के यात्री एवं गार्डन में आये बाहरी लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है। लाइसेंस प्राप्त शराब दुकान के आसपास प्रतिदिन असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पात मचाया जाता है। यह स्थान स्कूल जाने वाली बच्चियों के मार्ग में पड़ता है, जिससे उन्हें आए दिन असुरक्षा एवं असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत चिंताजनक है। लाइसेंस प्राप्त शराब दुकान के आलावा भी ठेकेदार के द्वारा लगभग प्रत्येक गांव में शराब बिक्री करवाई जा रही है,जिसकी खबर सम्पूर्ण प्रशासन को है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए, संबंधित स्थानों पर सख्त पुलिस कार्रवाई एवं नियमित पेट्रोलिंग की जाए। बस स्टैंड एवं स्कूल मार्ग से शराब दुकान को हटाने/स्थानांतरित करने पर विचार किया जाए। दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ष्बेटियों की सुरक्षा से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रशासन यदि समय रहते कार्रवाई नहीं करता, तो जनआंदोलन अपरिहार्य होगा।

### महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन व महिला सशक्तीकरण के समर्थन में लगाए नारे

# कुरावर में भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली जन आक्रोश पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा महिला आरक्षण के समर्थन में जन आक्रोश पदयात्रा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे मार्केटिंग सोसायटी परिसर से प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम महिला मोर्चा की जिला मंत्री सरिता शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने हाल ही में लोकसभा में प्रस्तुत महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर चर्चा करते हुए विपक्षी दल कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। सरिता शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के अधिकारों की धुर विरोधी रही है और महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी उसका रवैया सकारात्मक नहीं रहा। पदयात्रा के दौरान महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन और महिला सशक्तीकरण के समर्थन में नारे लगाए। कार्यक्रम में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मधु शर्मा, नेहा राठौर और कृष्णा विश्वकर्मा ने भी अपने विचार रखे और महिला आरक्षण को महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में जरूरी कदम बताया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई और मंडल महामंत्री लखन राजपूत ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान भागीदारी दिलाने के लिए भाजपा निरंतर प्रयासरत है और महिला आरक्षण इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुरेश गोयल, रवि शर्मा, गोपाल राठौर, महेश भावसार सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी संस्था से आशा दीदी और नर्मदा सेन ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर महिलाओं को जागरूक रहने का संदेश दिया। इसके अलावा भाजपा मंडल मंत्री माया गुप्ता, मनोहर प्रजापति, कार्यकर्ता सुनील चंद्रवंशी, ओम पटेल, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना, राजेश पटेल, पारस सक्सेना, आनंद वर्मा, ओमप्रकाश जोशी, कमल जामलिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार आवाज उठाने और जनजागरूकता अभियान जारी रखने का संकल्प लिया।




## महिला मोर्चा ने निकाली आक्रोश रैली, विपक्ष के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नरसिंहगढ़।** महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले विपक्षी दलों के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने गुरुवार को नगर में आक्रोश रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया और महिला आरक्षण के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। आक्रोश रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली, जहां महिला कार्यकर्ताओं ने हाथो में तख्तियां लेकर विपक्ष के रवैये पर नाराजगी जताई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा, उर्मिला उपाध्याय, सीमा बिहानी, मंजू सोनी, रेखा पचवार्या सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि महिला आरक्षण बिल महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन विपक्ष इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़ा नजर आ रहा है।



जिले में तीव्र गति से चल रहा यह राष्ट्रीय कार्य

# जनगणना 2027 : स्वगणना कार्य में जिला प्रदेश में तीसरे नंबर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में जनगणना से जुड़ा स्वगणना सहित अन्य समस्त कार्य तीव्र गति और व्यवस्थित रूप से चल रहे हैं। इसी कड़ी में जनगणना 2027 प्रथम चरण मकान सूचीकरण हेतु जिले में 23 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिसमें 9 तहसील ग्रामीण स्तरीय चार्ज अधिकारी एवं 14 नगरीय स्तरीय चार्ज अधिकारी हैं।

जिला जनगणना अधिकारी डॉ. ज्योति राजोरे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत 1723 गांवों में 2564 जनगणना ब्लॉक एवं नगरीय क्षेत्र के 219 वार्डों में 479 जनगणना ब्लॉक बनाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 2150 प्रगणक एवं 345 सुपरवाइजर एवं नगरीय क्षेत्र में 526 प्रगणक एवं 103 सुपरवाइजर जनगणना मकान सूचीकरण हेतु लगाए गए। इन्हें 01 अप्रैल से 23 अप्रैल के मध्य 03 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही गत 16 अप्रैल से स्वगणना कार्य प्रारंभ हुआ है।

स्वगणना के तहत परिवार के मुखिया द्वारा स्वयं, प्रगणक, अन्य लोकसेवक की मदद ले सकते हैं। अभी तक जिले में 43120 परिवारों द्वारा स्व-गणना कर ली गई है। राज्य में जिला स्वगणना में तीसरी रैंक पर है।




### अधिकाधिक स्वगणना की अपील

कलेक्टर एवं जनगणना प्रमुख डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आमजनों से अधिक से अधिक स्वगणना करने की अपील की गई है। आगामी 01 मई से 30 मई के मध्य प्रगणक उनको आवंटित ब्लाक में भवन क्रमांक अंकित कर जनगणना मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न करेंगे।

# जेल में जांची बंदियों के भोजन की गुणवत्ता

**राजगढ़।** न्याय विभाग एवं शासन का उद्देश्य है कि विभिन्न अपराधों के चलते जेल में निरुद्ध बंदियों को उनके हक-अधिकारों से वंचित न होना पड़े। इसी के दृष्टिगत प्रधान जिला न्यायाधीश राजीव आप्टे द्वारा गत दिवस जिला जेल का निरीक्षण करते हुए बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, जेल में संचालित डिस्पेंसरी, पुस्तकालय, मुलाकात व्यवस्था, स्टोर रूम, किचन आदि को चेक किया गया।

इस दौरान जेल में बंदियों को जाने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छ जल, भोजन, दवाइयों की सुलभता आदि की जानकारी भी जिला न्यायाधीश द्वारा जेल के अधिकारियों से ली गई। प्रधान न्यायाधीश ने स्वयं बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और जेलर व अधीक्षक को निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर जेल लोक अदालत भी आयोजित की गई जिसके माध्यम से बंदियों के मामलों का आपसी राजीनामे के माध्यम से निराकरण करवाए जाने का प्रयास किया गया।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से दादी-पोता गंभीर घायल शाजापुर रेफर, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**सारंगपुर।** नेशनल हाईवे पर फुलपुरा जोड़ के समीप बुधवार को एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला और उनका पोता गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम मंडलका से उकावता जा रहे मेराज बी (65), पति हाफिज, निवासी उकावता और उनका पोता बिलाला (30), पिता जलील खां, निवासी मंडलका, फुलपुरा जोड़ के पास नेशनल हाईवे से गुजर रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को सारंगपुर सिविल अस्पताल को पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



## मोहिनी एकादशी पर व्रत रखकर की गोमाता की पूजा-अर्चना



**राजगढ़।** मोहिनी एकादशी का पर्व एवं व्रत गुर्जर गौड़ समाज की महिलाओं द्वारा विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। एकादशी पर सभी महिलाएं स्थानीय बमबम आश्रम स्थित गौशाला में एकत्रित हुईं और वृत से संबंधित कथा का श्रवण किया। इसके उपरांत सभी ने गौशाला की गायों का पूजन-अर्चन करते हुए गायों को हरी घास कल सेवन करवाते हुए परिवार, समाज और देश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर शांति शर्मा, श्यामा शर्मा, टीना शर्मा, गीतिका जोशी, रजनी व्यास, ललिता व्यास, सुनीता दुबे, शशि शर्मा, समता उपाध्याय सहित अन्य मातृ-शक्तियां उपस्थित थीं। आपको बता दें कि मोहिनी एकादशी वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में आती है। यह व्रत भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप की पूजा के लिए समर्पित है। मान्यता है कि जो महिलाएं पूरे विधि-विधान के साथ पीले वस्त्र धारण कर इस व्रत को करती हैं उनके परिवार में सुख, समृद्धि आने के साथ ही जीवन के कष्ट दूर हो जाया करते हैं।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद राजगढ़ जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र

क्र./रा./नामा./नपारा/2026/1127 राजगढ़, दिनांक 29/4/2026

// नामान्तरण विज्ञप्ति //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद राजगढ़ मे भवन/प्लाट पर नामान्तरण में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो, अपनी आपत्ति इश्तहार दिनांक से 30 दिवस के अंदर नगर पालिका परिषद कार्यालय राजगढ़ में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त नामान्तारण आपत्ति पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जायेंगा।

| क्र. | प्रकरण क्र. | भवन भूमि प्लाट वार्डसहित | आवेदक का नाम व पता वार्ड सहित (वर्तमान स्वामी) | पूर्व स्वामी का नाम व पता (पूर्व स्वामी) | नमांतरण करने का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19/03/10 | राजमहल का भाग रसोडा 04/70 (1) वार्ड क्रमांक 06 किला राजगढ़ | श्री महेश शर्मा स्व. हरीशचन्द्र शर्मा निवासी 148ए प्रतापनगर ददाबाड़ी कोटा राजस्थान | स्व. इन्द्राकुमारी विक्रमादित्य सिंह | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र न्यायालयीन उत्ताधिकारी दस्तावेजों के आधार पर |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद राजगढ़



